मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 04/14/2021, दिनांक 25.05.2022

गृह विभाग - मध्य प्रदेश शासन हेतु वैज्ञानिक अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु रोजगार पंजीयन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आयु-सीमा छूट तथा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुन: प्रारंभ करने की सूचना

ऑनलाइन आवेदन अवधि दिनांक 04.06.2022 से 13.06.2022 (रात्रि12:00 बजे)

आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.06.2022

01 **आयोग द्वारा गृह विभाग - मध्य प्रदेश शासन हेतु वैज्ञानिक अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 14/2021, दिनांक 30.12.2021 आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक 03.01.2022 के अंक में प्रकाशित किया गया था।**

02 माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में दिनांक 08.03.2022 को पारित निर्णय के अनुपालन में :-

अ उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।

ब. मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मध्यप्रदेश के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा

स. मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/ निगम/ मण्डल/ उपक्रम/ आयोग/ बोर्ड/विश्वविद्यालय/ स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक - अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा । उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण - पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।

03 माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक 2108/2022 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2022 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगें। यह छूट माननीय उच्च न्यायालय में लंबित उक्त याचिका के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

04 अत: ऐसे अभ्यर्थी जो मध्य प्रदेश के निवासी नहीं है तथा ऐसे जो मध्यप्रदेश के निवासी हैं दोनों श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु उक्त व्यवस्था के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुन: 10 दिवस के लिए प्रारंभ की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन पत्र www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in पर दिनांक 04.06.2022 से 13.06.2022 (रात्रि12:00 बजे) तक भरे जा सकेंगे । समस्त ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य भी उक्त अवधि में ही संपादित किया जा सकेगा। उक्त ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबन्धित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक (आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in पर उपलब्ध) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में दिनांक 23.06.2022 (सायंकाल 6:00 बजे) तक जमा कराएं।

05 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

सचिव